प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रशिक्षण 'उन्नत बकरी पालन' आयोजित

पंतनगर। 16 सितम्बर 2022। विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं समेटी उत्तराखण्ड द्वारा 'उन्नत बकरी पालन' विषय पर प्रशिक्षण 14–16 सितम्बर 2022 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक, प्राध्यापक सस्य विज्ञान, डा. बी.डी. सिंह, ने प्रतिभागियों का स्वागत करने के साथ–साथ समेटी द्वारा सम्पादित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम, विभिन्न प्रशिक्षणों की रूप–रेखा बतायी। इस प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा बकरियों की प्रजातियां, आहार एवं आवास प्रबन्धन, प्रजनन प्रबन्धन, बकरियों के प्रमुख रोग, नियंत्रण एवं टीकाकरण, परजीवी रोग, बकरी उत्पादों का प्रसंस्करण एवं मूल्य संर्वधन आदि विषयों पर व्याख्यान दिया गया। प्रतिभागियों के व्यावहारिक कार्यकुशलता में वृद्धि लाने के उद्देश्य से पशुधन उत्पादन प्रबन्धन के बकरी यूनिट का भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समेटी, डा. अनिल कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में सीखे गये विषयों को अपनाकर आय संर्वधन की अपील की। उन्होंने कहा कि बकरी पालन एक ऐसा व्यवसाय है, जो पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्र के लघु एवं सीमान्त कृषकों द्वारा आसानी से किया जा सकता है। कृषक इसके उत्पादों का मूल्यवर्धन कर अपने आय में कई गुना इजाफा कर सकते हैं। पशुधन उत्पादन प्रबन्धन विभाग के विभागाध्यक्ष, डा. आर.के. शर्मा ने वैज्ञानिक विधि अपनाकर व्यवसाय करने का सलाह दी। उन्होंने कहा कि लघु स्तर पर बकरी पालन से कृषक कम लागत से अपनी आजीविका में कई गुना सुधार कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद–पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, पौड़ी गढ़वाल, चम्पावत, अल्मोड़ा, नैनीताल एवं ऊधमसिंह नगर के 41 उद्यमी, प्रसार कार्यकर्ता एवं कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान करते निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा।